National Conference on “Internet of Things” held at ICFAI University

आज रांची, २४ सितम्बर, २०१५
४

इक्फाई विवि में राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन

छाया : राजकुमार

रांची। ईक्फाई विवि के दलादली स्थित कैंपस में आज इंटरनेट ऑफ थिंग्स – प्रौद्योगिकी रुझान और अनुप्रयोग विषय पर एक राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए विवि के कुलपति प्रो.आरएस.राव ने कहा कि इंटरनेट की चिजों के नवीनतम प्रौद्योगिकी हमारे लिए दिन–प्रतिदिन के निजी जीवन में क्रांतिकारी बदलाव लाएगा और हमारे उपयोग की उत्पादकता में सुधार होगा। जिस तरह से आप मशीन की मशीन में संचार माध्यम इंटरनेट के साथ होता है। इंटरनेट के चिजों के द्वारा कल्पना की बातें वास्तविक जीवन में बदल देगा। प्रो.राव ने कहा कि भारत में रिटेट, उर्जा, स्मार्ट भवन आदि क्षेत्रों में इंटरनेट की चिजों का उपयोग हो रहा है। इस क्षेत्र में विकास की जरूरत है जिसमें छात्र तथा पेशेवर अपनी ज्ञान को बड़ा सफलता पा सकते हैं। सम्मेलन में मुख्य वक्ता के तौर पर माइक्रोसॉफ्ट के प्रबंधक ने कहा कि पांच वर्षों में इंटरनेट का उपयोग खुदरा, परिवहन, स्वास्थ्य सहित अन्य क्षेत्रों में बढ़ेगा। इसमें अगले पांच वर्षों में 1.7 मिलियन डॉलर का व्यापार उत्पन्न होगा। सम्मेलन में मुख्य अतिथि के तौर पर बिनोवा भावे के कुलपति ने कहा कि इंटरनेट के अनुप्रयोग का उपयोग यातायात प्रबंधन, हवा की गुणवत्ता प्रबंधन, जल उपचार जैसे क्षेत्रों में होगा। डा.एपी सिंह मेकॉन के निदेशक ने ईक्फाई विवि को इस तरह का पूर्वी क्षेत्र में पहला सम्मेलन आयोजित करने के लिए बधाई दी तथा मेकॉन में इंटरनेट के चिजों के उपयोग की सराहना की। सम्मेलन में तकनीकी सत्र के दौरान बोलते हुए माइक्रोसॉफ्ट के निदेशक रामानिश सिंह ने कहा कि इंटरनेट की अनुप्रयोग एवं इसकी चिजें मोबाइल, क्लाउड, डाटा एनालिटिक्स के द्वारा संचालित एक बहु अनुशासित प्रोद्यौगिकी है।

02 | hindustantimes HINDUSTAN TIMES, RANCHI
THURSDAY, SEPTEMBER 24, 2015

Experts talk about internet and technology

RANCHI: A National Conference on 'Internet of Things (IoT) -Technology Trends and Applications' was held at ICFAI University, Daladali on Wednesday. Ramnish Singh, director of Microsoft said "IoT is a multi-disciplinary technology, driven by mobile, cloud computing and data analytics and represents a huge opportunity and is critical to realizing vision of ambient intelligence".

the pioneer
RANCHI | THURSDAY | SEPTEMBER 24, 2015
capital 03

NATIONAL CONFERENCE ON 'INTERNET OF THINGS'

A National Conference on "Internet of Things – Technology Trends and Applications" was held at ICFAI on Wednesday. Professor ORS Rao, Vice-Chancellor of the University said, 'Internet of Things' the latest technology to network all Smart Devices using internet, will revolutionize our day-to-day personal life and improve productivity of industry in a big way, by way of machine-machine communication."

प्रभात खबर
www.prabhatkhabar.com
रांची, गुरुवार
24.09.2015 | 23

इंटरनेट से आया है क्रांतिकारी बदलाव

रांची. इक्फाइ विवि में बुधवार को इंटरनेट ऑफ थिंग्स- टेक्नोलॉजी ट्रेंड एंड एप्लिकेशन विषय पर राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया गया. कुलपति प्रो ओआरएस राव ने कहा कि नवीनतम प्रौद्योगिकी से जीवन में क्रांतिकारी बदलाव आया है. माइक्रोसॉफ्ट के प्रबंधक एस सत्यार्थी ने कहा कि पांच वर्षों में खुदरा, परिवहन, स्वास्थ्य, मोटर के निर्माण जैसे विभिन्न क्षेत्रों को इंटरनेट से पूरी तरह से जोड़ दिया जायेगा.

विनोबा भावे विवि के कुलपति ने कहा कि इंटरनेट का उपयोग गुणवत्ता प्रबंधन, जल उपचार जैसे क्षेत्रों में भी होगा. मेकन के निदेशक डॉ एपी सिंह ने मेकन में इंटरनेट के उपयोग के बारे में बताया. डॉ केके नाग ने समापन भाषण दिया. मौके पर डॉ एसपी सिंह, डॉ बीएन सिंह, प्रो मदन प्रसाद, एएस प्रसाद, एससी स्वेन, अरविंद कुमार आदि उपस्थित थे.

3 राजधानी
रांची एक्सप्रेस
रांची, बृहस्पतिवार 24 सितम्बर 2015

इक्फाई विवि में राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित

रांची, 23 सितम्बर : इक्फाई विश्वविद्यालय में आज 'इंटरनेट प्रौद्योगिकी रुझान व प्रयोग' विषय पर आज राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। विवि के कुलपति प्रो. ओआरएस राव ने कहा कि इंटरनेट की नयी प्रौद्योगिकी जीवन में क्रांतिकारी बदलाव लाएगी। माइक्रोसाफ्ट के समाधान प्रबंधक अगले पांच वर्षों में इंटरनेट से कई चीजें जुड़ेगी। विनोबा भावे विवि के कुलपति इंटरनेट का उपयोग जीवन के कई क्षेत्रों में देखने को मिलेगा। इस अवसर पर एपी सिंह, आर.सिंह सहित कई लोगों ने अपने विचार रखें।

सन्मार्ग
रांची, गुरुवार, 24 सितंबर 2015
www.sanmargjharkhand.com
05

इंटरनेट उपयोग का क्षेत्र असीमित : प्रो. राव

संवाददाता

रांची : ईक्फाई विवि के वीसी प्रो. ओआरएस राव ने कहा कि इंटरनेट ने मनुष्य के जीवन में क्रांतिकारी बदलाव लाया है और भविष्य में इसमें ज्यादा सुधार होने की गुंजाइश है। इंटरनेट के उपयोग का क्षेत्र असीमित है। भारत में रिटेल का क्षेत्र हो या उर्जा, सभी जगह इंटरनेट का उपयोग धड़ल्ले से हो रहा है। इंटरनेट में और सुधार होने के बाद छात्र और पेशेवर लोग इसका लाभ उठा सकते हैं। श्री राव बुधवार को ईक्फाई विवि में आयोजित इंटरनेट ऑफ थिंग्स : प्रौद्योगिकी रुझान एवं अनुप्रयोग के विषय पर बोल रहे थे। तकनीकी सत्र में माइक्रोसॉफ्ट के निदेशक रामानीश सिंह ने बताया कि मोबाइल, क्लाउड कंप्यूटिंग, डाटा एनालिसिस के द्वारा अनुशासित प्रौद्योगिकी है। कार्यशाला को मेकॉन के निदेशक डॉ. एपी सिंह, आरटीसी आइटी के प्रोफेसर डॉ. ताराशंकर रूद्र आदि ने भी संबोधित किये।